मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-92
28/01/2023

# मुख्यमंत्री ने समाधान यात्रा के क्रम में खगड़िया जिले की समीक्षात्मक बैठक की

पटना, 28 जनवरी 2023 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने समाधान यात्रा के क्रम में खगड़िया जिले में विभिन्न विभागों द्वारा चलाए जा रहे विकास कार्यों की प्रगति के संबंध में समाहरणालय, खगड़िया के सभागार में समीक्षात्मक बैठक की। बैठक में खगड़िया जिले के सांसद/विधायकगण/विधान पार्षदगण तथा विभिन्न विभागों के अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव शामिल हुए।

बैठक में खगड़िया जिले के जिलाधिकारी श्री आलोक रंजन घोष ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से जिले में विभिन्न विभागों द्वारा चलाई जा रही विकास योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने हर घर नल का जल, हर घर तक पक्की गली–नालियां, बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना/कुशल युवा कार्यक्रम, सात निश्चय–1 के तहत जिले में निर्माण किए जानेवाले भवनों की स्थिति, पॉलिटेक्निक संस्थानों में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना, मत्स्य संसाधन का विकास, मुख्यमंत्री उद्यमी योजना, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के शैक्षणिक उत्थान के लिए आवासीय विद्यालय, मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति छात्रावास अनुदान योजना, महादलित सामुदायिक भवन सह वर्क शेड योजना के संबंध में जानकारी दी। साथ ही जीविका समूह का गठन, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, उच्चतर शिक्षा हेतु महिलाओं को प्रोत्साहन, अल्पसंख्यक छात्रावास योजना, मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक छात्रावास अनुदान योजना, अल्पसंख्यक मुस्लिम परित्यक्ता/तलाकशुदा महिला सहायता योजना, मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक रोजगार ऋण योजना, मुख्यमंत्री पिछड़ा वर्ग एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग छात्रावास योजना, अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण छात्रावास योजना (पिछड़ा एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग के लिए), जननायक कर्पूरी ठाकुर छात्रावास योजना (अति पिछड़ा वर्ग हेतु), हर खेत तक सिंचाई का पानी एवं बाल हृदय योजना सहित अन्य योजनाओं के संबंध में जानकारी दी गयी।

बैठक में शामिल जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री के समक्ष अपने–अपने क्षेत्र की समस्याएं रखीं। जनप्रतिनिधियों की समस्याओं के समाधान हेतु मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया। बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना का क्रियान्वयन बेहतर ढंग से कराएं। जो भी मामले पेंडिंग हैं उसे तेजी से पूर्ण करें। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के छात्रावासों का निर्माण कार्य तेजी से पूर्ण करें। जननायक कर्पूरी ठाकुर छात्रावास का निर्माण भी तेजी से कराएं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री बालिका प्रोत्साहन योजना के तहत उच्चतर शिक्षा के लिए महिलाओं को प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसका लाभ सभी को दिलाएं। उन्होंने कहा कि अगुवानी में विद्युत शवदाह गृह का निर्माण कराएं। जहां भी कटाव की समस्या है, उसे दूर करें और जहां तटबंध/बांध के निर्माण की आवश्यकता है उस पर काम करें। शहर से जुड़ने वाली बाहरी सड़कों का निर्माण ठीक से कराएं ताकि शहर से अच्छी कनेक्टिविटी रहे और लोगों को आवागमन में असुविधा न हो। सभी अस्पतालों में इलाज और दवा की बेहतर व्यवस्था रखें।

मुंगेर प्रमंडल के आयुक्त ने प्रतीक चिह्न देकर मुख्यमंत्री का स्वागत किया।

समीक्षा बैठक में वित्त, वाणिज्य कर एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, समाज कल्याण विभाग के मंत्री सह खगड़िया जिले के प्रभारी मंत्री श्री मदन सहनी, सांसद श्री महबूब अली कैसर सहित विधायकगण/विधान पार्षदगण, मुख्य सचिव श्री आमिर सुबहानी, पुलिस महानिदेशक श्री आर0एस0 भट्टी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ० एस० सिद्धार्थ, सभी संबद्ध विभागों के अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, आयुक्त मुंगेर प्रमंडल श्री संजय कुमार सिंह, पुलिस उप महानिरीक्षक बेगूसराय प्रक्षेत्र श्री बाबू राम, जिलाधिकारी खगड़िया श्री आलोक रंजन घोष, पुलिस अधीक्षक खगड़िया श्री अमितेश कुमार सहित अन्य वरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

समीक्षा बैठक के पश्चात् पत्रकारों से बात करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बैठक में पहले से जो काम चल रहे हैं, उसकी क्या प्रगति है और कहां कमी है, उसके बारे में पूरी चर्चा होती है। सभी जनप्रतिनिधियों की बातें सुनी जाती हैं। जो एम0एल0ए0, एम0एल0सी0 या एम0पी0 मौजूद रहते हैं, उनकी बातों को सुना जाता है। उन सभी बातों को विभाग के लोग नोट करते हैं। डिपार्टमेंट के लोग यहां होते हैं और कुछ अधिकारी पटना से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े रहते हैं। जितना भी काम हुआ है और जो कुछ भी करने की जरूरत है, सब पर ध्यान दिया जाता है। हमलोगों ने जो काम शुरु किया है उसकी क्या प्रगति है, उसे देखते हैं और आगे क्या करने की जरूरत है, उसे भी ध्यान में रखकर अधिकारियों को जरूरी निर्देश देते हैं। यही हमारी समाधान यात्रा का मकसद है।

******